एमसीएक्स का मंदसौर युनिवर्सिटी के साथ समझौता

मुंबई, 14 जून, 2016। भारत के अग्रणी कमोडिटी वायदा एक्सचेंज एमसीएक्स ने मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र में स्थित यूजीसी मान्यता प्राप्त निजी बहु-संस्थाकीय विश्वविद्यालय मंदसौर युनिवर्सिटी के साथ विद्यार्थियों में वित्तीय साक्षरता के प्रसार के लिए समझौता किया है। इस पहल के तहत उन्हें कमोडिटी मूल्य जोखिम प्रबंधन और डेरिवेटिव्स मार्केट से अवगत कराया जाएगा और उन्हें वित्तीय कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनाया जाएगा।

एमसीएक्स का विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के साथ यह दसवां करार है। यह करार एक्सचेंज का कमोडिटी डेरिवेटिव्स में वित्तीय साक्षरता और उसके प्रसार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए एक्सचेंज गुजराती, हिन्दी और अंग्रेजी तीन भाषाओं में एमसीएक्स सर्टिफाइड प्रोफेशनल प्रोग्राम (एमसीसीपी) परीक्षा संचालित करता है।

एमसीएक्स के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री मृगांक परांजपे ने इस अवसर पर कहा कि युवा पीढ़ी तक पहुंचने के लिए युनिवर्सिटी सबसे बढ़िया माध्यम है। उनतक पहुंचकर कमोडिटी डेरिवेटिव्स मार्केट की अपार संभावनाओं को उनके समक्ष खोलकर हम उनके कौशल विकास में सहायता कर सकते हैं। मंदसौर युनिवर्सिटी की इंडस्ट्री-आधारित पहुंच और मध्य भारत में एक प्रतिष्ठित निजी विश्वविद्यालय होने के नाते एमसीएक्स को विश्वास है कि यह करार क्षमता विकास के प्रयासों में दीर्घावधि में नया मुकाम जोड़ेगा।

मंदसौर युनिवर्सिटी के चांसलर श्री नरेंद्र नाहटा ने कहा कि वित्तीय मार्केट ने भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और एमसीएक्स इस दिशा में प्रमुख भूमिका निभा रहा है। हमारा मानना है कि वर्तमान नॉलेज, उसके प्रयोग, कला, टीमवर्क, लीडरशिप कौशल और जीवन पर्यंत सीखने की वृति अत्यधिक महत्वपूर्ण होते हैं। व्यवहारिक कौशल की आज सख्त जरुरत है। मंदसौर युनिवर्सिटी में हम पूरा सुनिश्चित करते हैं कि शिक्षा संदर्भित हो और यह ज्ञान वृद्धि में पूरीरुपेण सहायक हो। एमसीएक्स के साथ हुए इस करार से विद्यार्थियों में वित्तीय साक्षरता की नींव डालने में काफी मदद मिलेगी और वे एक्सचेंज के इन्नोवेटिव प्रोफेशनल प्रोग्राम जैसे एमसीसीपी का पूरा लाभ ले सकेंगे।

About MCX:

Having commenced operations on November 10, 2003, Multi Commodity Exchange of India Limited (MCX) is India's first listed, national-level, electronic, commodity futures exchange with permanent recognition from the Government of India. In the financial year 2015–16, the market share of MCX was 84.30%. MCX offers the benefits of fair price discovery and price risk management to the Indian commodity market ecosystem. Various commodities across segments are traded on MCX. These include bullion, energy, metals and agri commodities. The exchange has forged strategic alliances with various Indian and International commodity exchanges and business associations.

About Mandsaur University

Mandsaur Education Universe (estb. In 1995), a 20 years old organization with NAAC NBA accredited institutions and B. R. Nahata Pharmacy College as Center of Excellence, was granted Private State University status in the year 2015. - Mandsaur University is situated in the Malwa region of Madhya Pradesh. It offers 53 undergraduate and post graduate programmes in different fields, such as engineering, pharmacy, management, agriculture, tourism and hospitality, library science, journalism and mass communication, Physical Education, Education design. MU is providing quality education to over 3000 students who are mentored by a 300 plus strong faculty. The curriculum of the university promises to imbibe in students the core knowledge of the courses with sufficient practical aspects attached to it. Each curriculum is developed with focus on the future trends of the corporate world and understanding the skills and expertise that would be expected from the future professionals.

For further details, contact:

Shivani Sharma
Manager - Communications
Mobile: +91 98333 76243
Shivani.sharma@mcxindia.com